न्यूज डायरी

इंडिया हैबिटेट सेंटर में एक कार्यक्रम के दौरान बिनायक सेन के जीवन पर लिखी किताब के विमोचन पर मौजूद जाने माने अर्थशास्त्री और नोबल पुरस्कार से सम्मानित डा. अमर्त्य सेन ।

निर्माण से पूर्व ली गई थी ग्रीन क्लीयरेंस

नई दिल्ली। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने तटीय नियमन अधिसूचना-2011 जारी करने के दौरान नदी क्षेत्र नियमन को जरूरी बताते हैं जो बयान दिया था, उसका मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने खंडन किया है। शीला दीक्षित ने कहा है कि खेल गांव और अक्षरधाम मंदिर निर्माण के लिए ग्रीन क्लीयरेंस एनडीए सरकार के समय ली गई थी। मेरी जानकारी के अनुसार निर्माण से पूर्व ग्रीन क्लीयरेंस ली गई है। हालांकि, मैं यह नहीं कर कहती कि जयराम रमेश ने यह बयान किस संदर्भ में दिया है कि अक्षरधाम मंदिर और गेम्स विलेज का यमुना नदी के किनारे निर्माण के लिए अनुमति नहीं ली गई।

सत्याग्रह की चेतावनी दी

नई दिल्ली। अल्पसंख्यक समुदाय ने एक बार फिर मुल्क और मिल्लत बचाओ सत्याग्रह आंदोलन के लिए मन बना रही है। इसे लेकर जमीयत उलेमा हिंद का एक प्रतिनिधिमंडल यूपीए चेयरमैन से मिलकर मुसलमानों की समस्याओं से अवगत कराया। जिसका नेतृत्व जमियत उलेमा हिंद के अध्यक्ष मौलाना कारी सैय्यद मोहम्मद उस्मान साहब मंसूरपूरी ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने दंगा निवारण कानून जैसी मुख्य मांगे मुख्य रूप से रखी। जमियत के अध्यक्ष ने बताया कि कांग्रेस के आश्वासन पर ही मुल्क और मिल्लत बचाओ सत्याग्रह आंदोलन नहीं छेड़ा गया है, जबकि सात महीने बीत जाने के बावजूद सरकार की तरफ से कोई कदम नहीं उठाए गए। जमियत के महासचिव और सांसद मौलाना महमूद मदनी ने बताया कि अब इंतजार करना संभव नहीं है।

एक कार्यक्रम में अभिनेता धर्मेंद्र, सनी देओल के साथ एके वालिया।

चोरी के आरोप में एक पुलिस हत्थे चढ़ा

नई दिल्ली। कानपुर रेलवे स्टेशन पर मिले 15 वर्षीय अनाथ बच्चे को पहले तो वो अपने घर लाए और फिर उसे परिवार के सदस्य की तरह ही पाला, मगर उसी ने भरोसे को तोड़ दिया और कार लेकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी युवक गजेंद्र (20) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इसके पास से कार और डेढ़ लाख कीमत की ब्रेसलेट बरामद किया है। एक जनवरी की रात में मुकेश कुमार ने शिकायत दर्ज करायी कि करीब पांच-छह साल पहले कानपुर रेलवे स्टेशन पर उन्हें एक 15 वर्षीय किशोर मिला था। उसने खुद को अनाथ बताया था। मुकेश कुमार उसे घर लेकर आए और उसे परिवार के सदस्य की तरह रखा। धीरे-धीरे किशोर मुकेश के व्यवसाय में मदद करने लगा और पेमेंट भी वही एकत्रित करता था। एक जनवरी की रात में वह एकत्रित की गई पेमेंट, ब्रेसलेट और आई-10 कार लेकर फरार हो गया।

चिड़ियाघर में जगुआर की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली चिड़ियाघर में जानवरों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। चिड़ियाघर में सुंदर नामक जगुआर की मौत हो गई है। सुंदर श्रीलंका से एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत छह साल पहले यहां लाया गया था। चिड़ियाघर प्रशासन ने 18 वर्षीय जगुआर को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राथमिक जांच में मौत का कारण जगुआर का बूढ़ा हो जाना बताया जा रहा है। लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि दिल्ली में अधिक ठंड से उसकी मौत हुई है। वहीं, कड़ाके की ठंड को देखते हुए चिड़ियाघर में जानवरों को कड़ी निगरानी में रखने के साथ ही उनके खानपान और सेहत की व्यवस्था बढ़ा दी गई है। दिल्ली चिड़ियाघर के निदेशक अमिताभ अग्निहोत्री ने बताया कि नर जगुआर को बचाने की पूरी कोशिश की गई। अधिक उम्र होने के चलते वह बीमार हो गया था। जानवरों को ठंड से बचाने को लेकर हीटर और आंवला खिलाने की व्यवस्था की गई है। चिंपाजी के लिए कंबल की व्यवस्था कराई गई है।

भाव भंगिमा

देश की एकता और मिली-जुली संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं एनसीसी कैडेट्स।

कैडेट्स बनें युवाओं का आदर्श

- मुख्यमंत्री ने एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने एनसीसी कैडेट्स को आह्वान करते हुए कहा कि वह युवाओं का आदर्श बनें। एनसीसी अनुशासन, साहस और एकता के लिए प्रसिद्ध हैं। कई सामाजिक मुद्दे उठाने और आपदा के समय सहायता के लिए उपलब्ध रहना हितकर है। युवा वर्ग रचनात्मक योगदान से देश को अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा करने पहुंची मुख्यमंत्री ने कहा कि कैडेट्स अपने प्रशिक्षण के दौरान सभी आवश्यक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हासिल करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिंदगी की हर प्रकार की चुनौती से निपटने का पूरा प्रशिक्षण दिया जाता है। शिविर में लेह और लक्ष्यद्वीप के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। इससे देश की एकजुटता का अहसास होता है। उन्होंने कैडेट्स की तरफ से विभिन्न क्षेत्रों में हासिल किए गए मानकों की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि एनसीसी भविष्य का नेतृत्व तैयार कर रही है। इन कैडेट्स के हाथ में देश का भविष्य सुरक्षित है। मुख्यमंत्री ने शिविर का दौरा किया। जिसमें एनसीसी के महानिदेशक ले. जनरल आरके करवाल ने उनकी अगवानी की। मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसमें एनसीसी के तीनों अंगों के कैडेट्स शामिल हुए। एनसीसी कैडेट्स ने देश की एकता और मिली-जुली संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। **ब्यूरो**

ग्रिड ठप, घंटों रही बिजली गुल

नई दिल्ली। ट्रांस्को के पार्क स्ट्रीट वाले 220 केवी ट्रांसमीटर ग्रिड से अचानक आपूर्ति ठप होने से तीन घंटे तक बिजली गुल रही। ग्रिड ठप होने का कारण तकनीकी खराबी बताई जा रही है। तकनीकी खराबी दूर करने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल की गई। राजधानी में बिजली की मांग 3886 मेगावाट रही। ट्रांस्को के प्रवक्ता ऋषिराज के अनुसार, ग्रिड में आई खराबी के चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सेंट्रल दिल्ली के इलाकों में कुछ देर के लिए बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही। **ब्यूरो**

गर्लफ्रेंड के लिए बने झपटमार

गिरफ्तार किए गए सभी छह युवक अच्छे परिवार से

अमर उजाला ब्यूरो

- साइकिल रिक्शे पर जाने वाली बुजुर्ग महिलाओं को ही बनाते थे शिकार

नई दिल्ली। गर्लफ्रेंड के साथ लग्जरी कार से ब्रांडेड कपड़े पहन डिस्को जाने के चक्कर में अच्छे परिवार के छह युवक झपटमार बन गए। स्कूल छोड़कर ये अपना-अपना धंधा करने लगे। गर्लफ्रेंड के साथ मौजमस्ती करने के लिए सभी झपटमारी करने लगे। पुलिस की अपराध शाखा ने गिरोह का पर्दाफाश कर अनमोल भगत (20), शम्मी अहूजा (20), राजन अरोड़ा उर्फ हन्नी (25), करण अरोड़ा उर्फ सोना (18), पुनीत अरोड़ा (23) और हिमांशु उर्फ कुणाल कुरबानी (19) को जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर के पास से गिरफ्तार किया है। ये रिक्शे पर सफर करने वाली बुजुर्ग महिलाओं को शिकार बनाते थे। इनके कब्जे से झपटमारी के 19 मोबाइल फोन, महिलाओं के सात बैग, दो आई पॉड, 79 हजार रुपये, सोने की ज्वैलरी, तीन बाइक और दो कार बरामद की गई है।

अपराध शाखा के अतिरिक्त उपायुक्त पीएस कुशवाह ने बताया कि एक सूचना के आधार पर उक्त स्थान से छहों को गिरफ्तार किया गया है। हिमांशु डीयू से स्नातक कर रहा है। एक के परिवार का ट्रांसपोर्ट, दूसरे का डीजे का और तीसरा का प्रॉपर्टी डीलर का व्यवसाय है। पुलिस ने इनकी गिरफ्तार से विकासपुरी, झपटमारी, मौर्या एंकलेव, प्रशांत विहार, पश्चिमी विहार, केएन काटजू मार्ग और तिलक नगर आदि जगहों की झपटमारी के 15 व वाहन चोरी के 3 मामलों को सुलझाने का दावा किया है।

दो-दो के ग्रुप में करते थे झपटमारी

ये दो-दो के ग्रुप में चलते थे। एक ग्रुप पहले आगे चलता था। ये साइकिल रिक्शे पर जाने वाली बुजुर्ग महिलाओं को ज्यादा शिकार बनाते थे। बाइक पर आगे जाने वाला बदमाश बुजुर्ग महिला की चेन, बैग आदि झपटता था और तुरंत दूसरी बाइक पर आने वाले ग्रुप को पकड़ा देता था। झपटमारी करने के लिए ये पल्सर बाइक चुराते थे। इसके बाद बाइक के नंबर प्लेट बदल देते थे।

लिव-इन-रिलेशन में युवक की हत्या

अमर उजाला ब्यूरो

- दूसरे युवक से दोस्ती के विरोध पर क्रिकेट के विकेट से मारा
- भाइयों को बुलाकर शव एमसीडी के सेप्टी टैंक में फेंक दिया
- महिला और उसका भाई मेट्रो स्टेशन से गिरफ्तार

नई दिल्ली। एक महिला पति को छोड़कर लिव इन रिलेशन में अपने से कम उम्र के युवक के साथ रहने लगी। दो-तीन साल वे साथ ही रहे। इसी बीच महिला की नजदीकियां दूसरे युवक से बढ़ने लगी। महिला के साथ रह रहे युवक ने इसका विरोध किया तो महिला ने क्रिकेट के विकेट से युवक की हत्या कर दी। वह युवक के सिर पर तब तक वार करती रही जब तक उसकी मौत नहीं हो गई।

महिला ने भाइयों को बुलाकर युवक के शव को एमसीडी के सेप्टी टैंक में फेंक दिया। हत्या का ये राज काफी दिन तक छिपा रहा। लेकिन दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हत्या की इस गुत्थी को सुलझाने का दावा करते हुए महिला और उसके भाई गिरफ्तार कर लिया है। महिला के दूसरे भाई की तलाश की जा रही है।

अपराध शाखा के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पीएस कुशवाह ने बताया कि शाखा की स्पेशल टीम ने शकील उर्फ भूरा और उसकी बहन शहनाज उर्फ सन्नो उर्फ अनीता को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास से दोनों को धर दबोचा। शहनाज ने बताया कि उसने अपने पहले पति को छोड़ दिया था और राकेश गुप्ता के साथ लिव इन रिलेशन में दो साल से रह रही थी।

इसी बीच उसके किसी और युवक से नजदीकी संबंध बनने लग गए थे। राकेश इसका विरोध करता था। इस पर उनके बीच झगड़ा होने लगा। पांच अक्तूबर को दोनों ने साथ बैठकर शराब पी। नशे में दूसरे युवक से नजदीकियों को लेकर उनमें झगड़ा हो गया। इसमें शहनाज ने क्रिकेट विकेट से राकेश के सिर पर वारकर हत्या कर दी।

इसके बाद उसने राकेश के शव को ठिकाने लगाने के लिए भाई शाहिद और शकील उर्फ भूरा को बुलाया। इन्होंने राकेश के शव को रोहिणी सेक्टर-16 स्थित एमसीडी के सेप्टी टैंक में फेंक दिया था। इसके बाद शहनाज ने राकेश के गायब होने की शिकायत पुलिस में कर दी थी। दूसरी तरफ राकेश के परिजनों ने भी केएनकाटजू मार्ग थाने में राकेश के गायब होने की शिकायत दर्ज करा दी थी। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर राकेश के शव को बरामद कर लिया है।

झगड़े पर पत्नी ने खुद को जलाया

नई दिल्ली। आनंद पर्वत थानांतर्गत राजस्थान कालोनी में शनिवार सुबह आशा (32) ने बाथरूम में खुद पर केरोसिन डालकर आग लगा ली। आशा को बचाने में उसका पति उग्रसेन उर्फ लिल्लू (35) भी झुलस गया। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लगभग 70 फीसदी झुलसी अवस्था में आशा की हालत नाजुक बताई जा रही है। जांच में पता चला है कि उग्रसेन के शराब पीने से आशा परेशान रहती थी। जिससे अकसर झगड़ा होता रहता था। दोनों की 11 साल पहले शादी हुई थी।

आशा पति उग्रसेन, छह वर्षीय बेटे और साढ़े चार साल की बच्ची सहित राजस्थान कालोनी में एक रिश्तेदार के घर चार-पांच महीने से रहती है। उग्रसेन मकान में ही होजरी की मशीन लगाकर भरण पोषण करता है। 10 दिन पहले आशा की बहन सावित्री यहां आई थी। तबियत खराब होने पर सावित्री को यहां रुकना पड़ा। शुक्रवार शाम उग्रसेन की आशा से झगड़ा हुआ था कि तबीयत ठीक होने पर भी सावित्री यहां क्यों रुकी हुई है। **ब्यूरो**

हत्या करने वाले को जमानत नहीं

हाईकोर्ट ने कहा, अभियुक्त पर आरोप गंभीर है

अमर उजाला ब्यूरो

- किराये पर टैक्सी लेकर गया था मसूरी
- लौटते समय चालक की हत्या की दी थी

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने मसूरी के लिए टैक्सी करने के बाद ड्राइवर की हत्या और लूटपाट करने वाले अभियुक्त सुनील कुमार को जमानत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि अभियुक्त पर गंभीर आरोप है और मामले की जांच जारी है ऐसे में उसे जमानत देने का कोई आधार नहीं है।

न्यायमूर्ति एसएन ढींगरा ने फैसले में बचाव पक्ष के उस तर्क को खारिज कर दिया कि पुलिस ने उनके मुवक्किल के पास से सोने की अंगूठी बरामद करने का दावा किया है और मात्र अंगूठी के आधार पर उनके मुवक्किल को अपहरण और हत्या में दोषी नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने कहा कि किए गए जघन्य अपराध, परिस्थितियों और तथ्यों को देखने के बाद अभियुक्त को जमानत देने का कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा मामले की जांच जारी है। अतः वे अभियुक्त के आवेदन को खारिज करते हैं।

वहीं अभियोजन अधिकारी ओपी सक्सेना ने अदालत को बताया कि अभियुक्त और उसके साथियों ने मसूरी जाने के लिए पवन हंस टेर एंड ट्रैवल्स से किराए पर इनोवा टैक्सी ली। सभी अभियुक्तों ने यूपी बार्डर से शराब ली और रास्ते में शराब पीते हुए मसूरी पहुंचे। उन्होंने कहा कि अगले दिन ही उन्होंने ड्राइवर सोनू को वापस दिल्ली चलने को कहा और तर्क रखा कि जिससे मिलने आए थे वह नहीं मिला। जैसे ही टैक्सी मसूरी से रवाना हुई कुछ ही दूरी पर चलने पर उन्होंने टैक्सी रुकवा ली और चालक पर शराब की टूटी बोतल से हमला कर दिया। उसके बेहोश होने पर बेल्ट से गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को सुनसान स्थान पर फेंक दिया। इसके बाद अभियुक्त ने टैक्सी के अलावा ड्राइवर से सोने की अंगूठी, चेन, क्रेडिट कार्ड, 12 हजार रुपये नगद इत्यादि लूट लिए थे।

लूटपाट में दो को सात वर्ष की कैद

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने लूटपाट के दो आरोपियों को राहत प्रदान करते हुए निचली अदालत ने मिली सजा को कम कर दिया। अदालत ने कहा कि दोषियों पर गंभीर आरोप है लेकिन उन्हें मिली 10 वर्ष की सजा अधिक है। अतः वे उनकी सजा घटाकर सात वर्ष करते हैं। न्यायमूर्ति अजीत भरिहोक ने फैसले में दोनों अभियुक्तों मो. उस्मान और मो. इमरान की उस अपील को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने स्वयं को निर्दोष बताते हुए निचली अदालत के फैसले को रद करने का आग्रह किया था। अदालत ने कहा कि पेश साक्ष्यों से अपराध साबित हुआ है। वे दोनों ही दो अन्य साथियों के साथ वारदात में शामिल थे। शिकायकर्ता सतीश 18 अक्तूबर 2001 को बाइक से मौजपुर स्थित घर जा रहा था। रात 9.30 बजे दोनों आरोपियों के अलावा उनके दो साथियों ने उसे जबरन रोक लिया। विरोध करने पर चाकू मार दिया था।